आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक

# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 25 | अंक - 72 | उज्जैन, शनिवार 04 फरवरी 2023 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से शुरू होगा लाड़ली बहना योजना के आवेदन लेने का कार्य : मुख्यमंत्री



भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बहनों के लिये शुरू की जा रही लाड़ली बहना योजना के आवेदन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से लेना प्रारंभ किये जायेंगे। योजना में गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार की महिलाओं को प्रति माह एक-एक हजार रुपये की राशि उनके खाते में अंतरित की जायेगी। हितग्राहियों को चिन्हित करने के लिये गाँव-गाँव और वार्डों में जाकर आवेदन भरवाये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने महिलाओं से आहवान किया कि वे योजना में मिलने वाली राशि का उपयोग परिवार को मजबूत बनाने में करें। मुख्यमंत्री की चौहान आज विदिशा में मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में भोपाल, सागर और उज्जैन संभाग के 24 लाख 94 हजार से अधिक हितग्राहियों को स्वीकृति-पत्र का वितरण कर रहे थे। मुख्यमंत्री की चौहान ने प्रदेश के 73 लाख किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना की राशि एक हजार 465 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से अंतरित की। साथ ही 80 करोड़ 95 लाख 21 हजार रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। कन्या-पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं अपनी बहनों की जिन्दगी को आसान बनाना चाहता हूँ। पूर्व से संचालित योजनाओं के साथ अब लाड़ली बहना योजना मेरी बहनों की जिन्दगी को सँवारेगी। योजना में मिलने वाली राशि से महिलाएँ अपने बच्चों के लिए दूध, फल और सब्जी की व्यवस्था कर सकेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने हमारी बहुत सी जन-कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया था, वे सभी योजनाएँ पुनः शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो कहीं नहीं हुआ वह मध्यप्रदेश में हुआ है और जो किसी ने नहीं किया वह आपका भाई शिवराज करेगा। मुख्यमंत्री की चौहान ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान से प्रदेश में 83 लाख ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया गया।

## सुप्रीम कोर्ट को मिलेंगे 5 नए जज, कॉलेजियम की सिफारिश पर सरकार ने लगाई मुहर



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट को जल्दी ही 5 नए जज मिल जाएंगे। सरकार की ओर से शीर्ष अदालत की बेंच को यह जानकारी दी गई है। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि इन नियुक्तियों पर रविवार तक मुहर लग जाएगी। इन 5 जजों में जस्टिस पंकज मित्तल, संजय करोल, पीवी संजय कुमार, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और मनोज मिश्रा शामिल हैं। इनमें से तीन जज उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश हैं और दो अन्य भी हाई कोर्ट्स में ही जस्टिस हैं। बीते साल 13 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इन जजों के नामों की सिफारिश की थी। पंकज मित्त राजस्थान हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस हैं। इसके अलावा संजय करोल पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस हैं। वहीं जस्टिस पीवी संजय कुमार भी मणिपुर हाई कोर्ट के मुख्य न्याधाधीश हैं।

जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह पटना हाई कोर्ट के जज हैं और मनोज मिश्रा फिलहाल इलाहाबाद हाई के जस्टिस हैं। सरकार की ओर से जल्दी ही इन जजों के नामों को मंजूर किया जा सकता है। इन 5 जजों के शपथ लेने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में जजों की कुल संख्या 32 हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में जजों के कुल 34 पद हैं, जिनमें से अभी 27 पद ही भरे हुए हैं।

## शिमला-कालका रूट पर दौड़ेगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन, 2023 अंत तक होगी शुरुआत, रेल मंत्री का ऐलान




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय रेलवे वंदे भारत ट्रेन की कामयाबी के बाद अब हाइड्रोजन ट्रेन चलाने जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारतीय रेलवे हर साल तेजी से बढ़ रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत, 1275 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जबकि वंदे भारत ट्रेनों के उत्पादन को नया रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले हर दिन केवल 3 किमी ट्रैक बिछाए जाते थे, चालू वर्ष में यह बढ़कर 12 किमी ट्रैक प्रतिदिन हो गया और अगले वर्ष के लिए लक्ष्य 16 किमी ट्रैक प्रतिदिन है।

देश में हाइड्रोजन ट्रेनों की शुरुआत करने के बारे में मंत्री ने कहा कि चूंकि बजट ग्रीन डेवलपमेंट पर केंद्रित है, रेलवे हाइड्रोजन ट्रेन के साथ भी इसमें योगदान देगा, जो दिसंबर 2023 तक आएगी और इसे भारत में डिजाइन और निर्मित किया जाएगा।

सबसे पहले, यह कालका-शिमला जैसे हैरिटेज सर्किट पर चलेगी और बाद में इसे अन्य स्थानों पर विस्तारित किया जाएगा।

# पुर्तगाल के फर्जी पासपोर्ट पर दुनिया घूम आया गुजरात का शख्स, मुंबई आते ही पहुंच गया जेल



नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात के रहने वाले एक 32 वर्षीय व्यक्ति को फर्जी पासपोर्ट के जरिए पिछले 5 साल में कथित तौर पर तीन देशों की यात्रा करने के आरोप में मुंबई में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान गुजरात के खेड़ा जिले के मूल निवासी मुजीब हुसैन काजी के रूप में हुई है। अपनी गिरफ्तारी के बाद, काजी ने पुलिस को बताया कि वह 2010 में एक स्टूडेंट वीजा पर यूनाइटेड किंगडम गया था और वीजा खत्म होने के बाद से वह वहां अवैध रूप से काम कर रहा था।

मुंबई के सहार थाने के एक अधिकारी ने कहा कि 2018 में, वह पुर्तगाल जाने में कामयाब रहा, जहां उसने एक एजेंट के माध्यम से फर्जी पासपोर्ट हासिल किया। इस पासपोर्ट का उपयोग करके, उसने भारतीय वीजा प्राप्त किया और कम से कम तीन बार भारत का दौरा किया और वह फांस भी गया। वह बुधवार को पेरिस से उड़ान भरकर दोहा होते हुए मुंबई आया था।

मुंबई एयरपोर्ट पर उतरते ही पकड़ा- काजी बुधवार दोपहर 1:45 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरा था, जहां उसे इमिग्रेशन अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया, क्योंकि उसका पासपोर्ट फ्लैग किया गया था।

एक अधिकारी ने कहा कि काजी ने इमिग्रेशन अधिकारियों को अपना पुर्तगाली पासपोर्ट जमा किया, जिसमें उसका नाम सुल्तान फकीर मोहम्मद के रूप में दर्ज था। सिस्टम में पासपोर्ट नंबर डालने पर अधिकारी को पता चला कि पुर्तगाली सरकार द्वारा काजी के खिलाफ एक लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था।

## देश के आगामी चुनाव में रिमोट वोटिंग मशीन के इस्तेमाल के लिए कोई प्रस्ताव नहीं- केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में शुक्रवार को सूचित किया गया है कि देश के आगामी चुनाव में रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (आरवीएम) का उपयोग करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। यह एनआरआई मतदाताओं के उपयोग के लिए भी प्रस्तावित नहीं किया गया है। संसद के निचले सदन में एक प्रश्न के उत्तर में, कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने एक लिखित उत्तर में कहा कि चुनाव आयोग (ईसी) के अनुसार आगामी चुनावों के लिए आरवीएम पेश करने का प्रस्ताव नहीं दिया है।

बढ़ाई जाए मतदाताओं की भागीदारी- इस साल कई विधानसभा चुनाव होने हैं और साल 2024 में लोकसभा चुनाव भी होगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग ने यह भी सूचित किया है कि एनआरआई मतदाताओं के उपयोग के लिए आरवीएम प्रस्तावित नहीं है।

साथ ही केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) ने चुनाव आयोग और पोल पैनल की तकनीकी विशेषज्ञ समिति के मार्गदर्शन में मल्टी कांस्टिट्यूएंसी रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का एक प्रोटोटाइप तैयार किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राय राजनीतिक दलों को एक नोटिस भेजा है जिसमें उनसे दूरस्थ मतदान के जरिए मतदान में प्रवासियों की भागीदारी को सुधारने के लिए कहा गया है।

## UNSC में भारत की स्थायी सदस्यता का रूस करता है समर्थन, मित्र देश ने फिर दोहराई यह बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस ने एक बार फिर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत का समर्थन किया है। दिल्ली में मास्को के राजदूत डेनिस अलीपोव ने विश्व मामलों की भारतीय परिषद (इुष्टड्ढ) और रूसी परिषद के बीच गुरुवार को हुई एक वार्ता के दौरान यह बात दोहराई है। उन्होंने कहा कि हम यूएनएससी में स्थायी सदस्यता के लिए भारत का समर्थन करते हैं। डेनिस अलीपोव ने बताया कि रूस यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का समर्थन करता है। हम जी-20 और एससीओ में भारत की अध्यक्षता को इन महत्वपूर्ण संघों के एजेंडे को पेश करने के अवसर के रूप में देखते हैं।

# गरीबों की छत से चुनावी जमीन मजबूत करने की भी जुगत, 66 प्रतिशत बढ़ाया पीएम आवास योजना का बजट



नई दिल्ली (एजेंसी)। विकासवाद की राजनीति की नई लकीर खींच रही मोदी सरकार ने बेशक, बजट में चुनावी रेवड़ियां नहीं बांटीं, लेकिन पार्टी का अंत्योदय का सिद्धांत उसके लिए सफलता का सूत्र जरूर साबित हो रहा है। गरीब कल्याण को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए सरकार ने इस बार प्रधानमंत्री आवास योजना में 66 प्रतिशत बजट आवंटन बढ़ाया है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के आवासों के लिए यादा पैसा दिया गया है। रणनीति स्पष्ट है कि जब भाजपा 2024 में लोकसभा चुनाव के मैदान में होगी, तब लगभग तीन करोड़ से अधिक परिवार उसकी गरीब कल्याण की नीति पर संतुष्टि और सहमति की मुहर लगा रहे होंगे। कभी शहरी क्षेत्र की पार्टी कही जाने वाली भाजपा ने 2014 में सत्ता में आने के बाद राजनीति की दिशा को गांव, गरीब और वंचितों की ओर खास तौर पर मोड़ा। इसका परिणाम उसकी लगातार बंपर जीत के रूप में सामने भी आया। गरीबों के लिए जन-धन खातों, किसानों को सम्मान निधि, मुफ्त अनाज, मुफ्त बिजली कनेक्शन, रसोई गैस सिलेंडर से लेकर यह संकल्प भी ले लिया कि 2024 तक हर गरीब को प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्की छत मुहैया कराई जाएगी। यही वजह है कि केंद्र की मोदी सरकार पर खास तौर पर जनता का भरोसा इतना मजबूत हुआ कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, बंगाल जैसे रायों में भी विधानसभा चुनावों में भले ही दूसरे दलों को वोट दिया हो, लेकिन लोकसभा चुनाव में विश्वास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर ही जताया। पिछले वर्ष हुए उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भी मोदी सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं का काफी असर रहा, जिसके बलबूते योगी सरकार दोबारा सत्ता में आई। अब इस वर्ष नौ रायों में विधानसभा चुनाव तो अगले वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। चुनावी रायों को लक्षित कर कोई घोषणा नहीं की गई है, लेकिन जिस तरह से 66 प्रतिशत वृद्धि के साथ बजट में 79,590 करोड़ रुपया प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए दिया गया है, वह बहुत बड़े वर्ग को प्रभावित कर रहा है। दरअसल, 2024 तक पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत 2,83,00,416 गरीबों के लिए पक्के घर स्वीकृत हैं, जिनमें से 2,12,69,531 घर बन चुके हैं। इनके लिए 54,487 करोड़ रुपये बजट में रखे गए हैं। इसी तरह पीएम आवास योजना शहरी के तहत 122.69 लाख आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से 68.02 लाख बन चुके हैं। इनके लिए 25,103 करोड़ रुपये दिए गए हैं। यहां गौर करने वाली बात है कि यदि हम अधिक लोकसभा सीटों वाले शीर्ष दस रायों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात और आंध्रप्रदेश को ही ले लें तो इनकी कुल लोकसभा सीटें 382 होती हैं और इन रायों में सिर्फ प्रधानमंत्री गरीब आवास योजना के तहत दो करोड़ से अधिक परिवारों के लिए आवास स्वीकृत हैं।

# IMF की हर शर्त मानने को तैयार पाकिस्तान, क्या पाई-पाई को मोहताज पड़ोसी की भर सकेगी झोली?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाई-पाई को मोहताज पाकिस्तान पैसे के लिए आईएमएफ की हर शर्त मानने को मंजूर हो गया है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि हालांकि आईएमएफ की शर्तें कल्पना से परे है, लेकिन पाकिस्तान के पास कोई अन्य रास्ता भी नहीं है। गौरतलब है कि आईएमएफ डेलीगेशन मंगलवार को ही पाकिस्तान पहुंच चुका है। आईएमएफ ने पिछले कई महीनों से पाकिस्तान को दी जाने वाली वित्तीय मदद रोक रखी है। अब यह डेलीगेशन उसकी आखिरी उम्मीद है। माना जा रहा है कि आईएमएफ ने पाकिस्तान सरकार को टैक्स में बढ़ोत्तरी और सब्सिडी में कमी लाने का सुझाव दिया है। हालांकि पाकिस्तान सरकार अक्टूबर में होने वाले चुनाव को देखते हुए इन्हें अमल में लाने से कतरा रही है।

**बढ़ चुकी हैं आर्थिक चुनौतियां-** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि मैं डिटेल में नहीं जाऊंगा, लेकिन हमारी आर्थिक चुनौतियां बहुत ज्यादा बढ़ चुकी हैं। आईएमएफ की शर्तें काफी कड़ी हैं, लेकिन हमें उन्हें मानना ही होगा। गौरतलब है कि बाहरी कर्जों, राजनीतिक संकट और बदहाल सुरक्षा के चलते बेहद खराब हालात से गुजर रहा है। बता दें कि गुरवार को पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को कहा कि उसके पास सिर्फ 3.1 बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है। इससे महज तीन हफ्तों तक ही आयात किया जा सकता है। वहीं, पाकिस्तान में महंगाई का औसत पिछले 48 साल के सर्वोच्च स्तर पर जा पहुंचा है। इसके चलते यहां पर लोगों को रोजमर्रा के सामान के लिए जूझना पड़ रहा है।

**झुकने लगा है पाक-** गौरतलब है कि आईएमएफ की विजिट से पहले ही पाकिस्तान झुकता नजर आ रहा था। दीवालिया होने से बचने के लिए उसने तमाम कदम उठाने शुरू कर दिए थे।

# पाकिस्तान में पुलिस भी सेफ नहीं? अफसर बोले- लगता है जैसे हाथ बांधकर शैतान के सामने फेंक दिया गया है

नई दिल्ली (एजेंसी)। बदहाल आर्थिक स्थिति से जूझ रहा पाकिस्तान सुरक्षा के मोर्चे पर भी असहाय नजर आ रहा है। आलम यह है कि आतंकी हमलों के आगे यहां की पुलिस भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। पेशावर में मस्जिद में हुए धमाकों के बाद यह बात सामने आई है। बता दें कि यह पाकिस्तान में हुए घातक धमाकों में से एक था। पाकिस्तानी पुलिस अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर अपनी अक्षमता बयान की है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है कि सरकार ने उनके हाथ-पैर बांधकर किसी राक्षस के सामने फेंक दिया है।



तो देश सुरक्षित कैसे- एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अगर रक्षक की सुरक्षित नहीं रहेंगे तो देश में सुरक्षित कौन रहेगा? एक अन्य पुलिस अफसर के मुताबिक हम इस युद्ध में मोर्चे पर तैनात हैं। हम स्कूलों, ऑफिसों और सार्वजनिक स्थलों की रक्षा कर रहे हैं, लेकिन आज हम खुद को अलग-थलग महसूस कर रहे हैं। हमें ऐसा लग रहा है कि जैसे सरकार ने हमारे हाथ बांध दिए हैं और हमें शैतानों के सामने फेंक दिया है। एक अन्य पुलिसवाले ने कहा कि घर छोड़ते वक्त हम अपनों से गले मिलकर आते हैं। हमें पता भी नहीं होता कि हम घर जिंदा वापस लौटेंगे भी या नहीं। इस पुलिस जवान ने पेशावर मस्जिद धमाके में अपने छह दोस्तों को खो दिया था।


मारे गए थे 83 पुलिसकर्मी- गौरतलब है कि पेशावर में मस्जिद में हुए धमाके में 83 पुलिसकर्मियों के मारे जाने की बात सामने आई है। इसके बाद से यहां की पुलिस खुद को लाचार और बेबस महसूस कर रही है। पुलिसकर्मियों का कहना है कि वह तो देश और लोगों की सुरक्षा में जुटे हुए हैं, लेकिन उनकी रक्षा करने वाला कोई नजर नहीं आ रही है। इन पुलिसकर्मियों ने यह बातें एएफपी से कहीं। आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा संभालने वाले अफसर खुद को अलग-थलग महसूस कर रहे हैं। एक पुलिसकर्मी ने कहा कि हम सदमे की हालत में हैं। हर रोज हमारे साथी जान गंवा रहे हैं।

## पाकिस्तान में आफत ही आफत, अब भीषण सड़क हादसे में 17 लोगों की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के उत्तरी पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बृहस्पतिवार को एक ट्रक से एक बस की आमने -सामने की भिड़ंत हो जाने से कम से कम 17 व्यक्तियों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह हादसा पेशावर के दक्षिण-पश्चिम में करीब 40 किलोमीटर दूर सिंधु राजमार्ग पर कोहट के समीप हुआ। पुलिस के अनुसार इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ है तथा उसे एवं मृतकों को जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस के मुताबिक ट्रक का ब्रेक फेल हो जाने से यह हादसा हुआ।

# अमेरिकी आसमान में चीन के जासूसी गुब्बारे से हलचल, परमाणु हथियारों को खतरे की आशंका

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी एयरस्पेस में चीन का जासूसी गुब्बारा देखा गया है। इसे लेकर अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने चिंता जाहिर की है। पेंटागन ने कहा कि बेहद संवेदनशील न्यूक्लियर हथियारों की साइट के ऊपर यह गुब्बारा देखा गया है। अमेरिकी सेना के एक सीनियर अफसर ने कहा कि इस गुब्बारे की ट्रैकिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि सैन्य अफसरों ने इसे शूट डाउन करने के बारे में भी विचार किया था, लेकिन यह इरादा टाल दिया गया। इसकी वजह यह थी कि इस गुब्बारे को मार गिराने से जमीन पर लोगों को भी खतरा हो सकता है। पेंटागन के मुताबिक अमेरिका के उत्तर पश्चिम में यह सर्विलांस बैलून देखा गया है। यहां पर संवेदनशील एयरबेस और रणनीतिक मिसाइलें भी हैं।



पेंटागन ने कहा कि यह स्पष्ट है कि इस बैलून का मकसद सर्विलांस करना है। फिलहाल यह जिस क्षेत्र में उड़ रहा है, वहां पर कई संवेदनशील ठिकाने हैं। हम इस गुब्बारे के चलते क्या रिस्क हो सकता है, इसका आकलन कर रहे हैं। अधिकारी के हवाले से एएफपी ने कहा कि यह गुब्बारा अमेरिकी एयरस्पेस में कुछ दिन पहले ही दाखिल हुआ है। फाइटर जेट्स ने इस गुब्बारे का उस वक्त पता लगाया, जब वह मोंटाना के ऊपर उड़ रहा था।

# दक्षिण चीन सागर में ड्रैगन के पर काटने की तैयारी, फिलीपींस की मदद से कैसे फ्रंट फुट पर अमेरिका

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण चीन सागर में ड्रैगन के बढ़ते वर्चस्व को कम करने और चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए अमेरिका और फिलीपींस एक साथ आ गए हैं। एनएचके वर्ल्ड ने पुष्टि की है कि संयुक्त राय अमेरिका और फिलीपींस इस बात पर सहमत हो गए हैं कि अमेरिकी सेनाएं दक्षिण पूर्व एशियाई देश फीलीपींस में चार और ठिकानों का उपयोग कर सकती हैं। इसका उद्देश्य स्पष्ट रूप से दक्षिण चीन सागर में चीन के बढ़ते कदम रोकना है। इस तरह अब फिलीपींस में अमेरिकी सेना के कुल 9 ठिकाने हो गए हैं। उधर, अमेरिका और फिलीपींस के इस समझौते से चीन बौखला गया है। उसने धमकी तक दे डाली है।



इस संबंध में गुरवार को अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने मनीला में फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर और रक्षा सचिव कार्लिटो गालवेज जूनियर से अलग से मुलाकात की है। दोनों पक्षों ने बाद में फिलीपींस में अमेरिका द्वारा उपयोग किए जा सकने वाले ठिकानों की कुल संख्या को नौ तक लाने के समझौते की घोषणा की। एनएचके वर्ल्ड के अनुसार, अतिरिक्त स्थानों पर विवरण की घोषणा अभी बाकी है।

दक्षिण चीन सागर में अमेरिका की बढ़ती उपस्थिति का उद्देश्य स्पष्ट रूप से चीन के खिलाफ मजबूत होना है क्योंकि चीन दक्षिण चीन सागर और ताइवान जलडमरूमध्य के आसपास अपनी सैन्य गतिविधियों को तेज कर रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में, ऑस्टिन ने कहा कि हमने फिलीपींस के आसपास के समुद्र में अस्थिर करने वाली गतिविधियों को संभालने के लिए ठोस कार्रवाई पर चर्चा की थी।

## मोदी सरकार के बजट से तालिबान हुआ खुश, कहा- दोनों देशों में संबंध सुधरना तय



नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को देश के सामने वित्त बजट पेश किया। इसमें उन्होंने मध्यमवर्ग के लोगों को कई राहत दी। इस बजट की भारत में ही नहीं देश से बाहर भी तारीफ हो रही है। तालिबान ने भारत के केंद्रीय बजट 2023-2024 का गुरुवार को स्वागत किया है। कहा है कि अफगानिस्तान के लिए भारत की सहायता की घोषणा से दोनों देशों के बीच संबंधों और विश्वास को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। यह जानकारी खामा प्रेस ने दी है।

तालिबान की यह टिप्पणी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के केंद्रीय बजट में अफगानिस्तान के लिए 2.5 करोड़ डॉलर के विकास सहायता पैकेज के प्रस्ताव के बाद आई। भारत ने अफगानिस्तान को सहायता के लिए 200 करोड़ रुपए देने का वादा किया है। अफगानिस्तान पर तालिबान के नियंत्रण हासिल करने के बाद भारत से समर्थन मिलने का यह दूसरा वर्ष है। खामा प्रेस के मुताबिक, शुरुआती घोषणा पिछले साल बजट में की गई थी।

# अब इंडोनेशिया पर चीन और अमेरिका आमने-सामने, जानें- 2 महाशक्तियों ने क्यों नजरें गड़ाई, किसका पलड़ा भारी?

नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया की दो बड़ी महाशक्तियां अमेरिका और चीन इन दिनों दुनिया की चौथी सबसे अधिक आबादी (करीब 30 करोड़) और दुनिया में सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया पर नजरें गड़ाए हुए है। दक्षिण चीन सागर के दक्षिणी किनारे पर बसा यह देश खनिज संसाधनों से अटा पड़ा है। यह दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है।



अमेरिका को पिछले साल लग चुका है झटका- NYT की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दिनों यानी नवंबर 2022 में जब अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड जे. ऑस्टिन III ने इंडोनेशिया का दौरा किया, तो उन्होंने वहां अपने समकक्ष इंडोनेशियाई मंत्री पर 36 अमेरिकी लड़ाकू जेट खरीद की डील के लिए दबाव डालना चाहा लेकिन उन्हें बैरंग खाली हाथ लौटना पड़ा।

दरअसल, अमेरिकी रक्षा मंत्री के दौरे से कुछ ही दिन पहले इंडोनेशियाई रक्षा मंत्री प्रबोवो सबियांटो ने चीन के रक्षा मंत्री से मुलाकात की थी और दोनों देशों ने संयुक्त सैन्य अभ्यास फिर से शुरू करने का संकल्प लिया था।

भू-राजनीतिक लड़ाई में इंडोनेशिया एक अहम पड़ाव- इंडोनेशिया न सिर्फ संसाधनों से भरा एक देश है, बल्कि तेजी से बढ़ती ट्रिलियन डॉलर इकॉनोमी वाला यह देश वाशिंगटन और बीजिंग के बीच की भू-राजनीतिक लड़ाई का एक बड़ा प्रभवाकारी फैक्टर है। भू-राजनीति में इसके महत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यहां करीब 17,500 द्वीप हैं जिसके पास हजारों किलोमीटर लंबी समुद्री सीमा है।

ताइवान पर नियंत्रण के लिए कितना जरूरी इंडोनेशिया- रणनीतिक अवस्थिति के लिहाज से देखें तो इंडोनेशिया आज के दौर में चीन और अमेरिका दोनों के लिए रक्षात्मक जरूरत बन गया है क्योंकि द्वीपीय देश ताइवान पर दोनों के बीच संघर्ष बढ़ने की दशा में इंडोनेशिया एक बड़ा रणनीतिक केंद्र बन सकता है।

# अडानी मामले में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी पहली प्रतिक्रिया, SBI-LIC पर भी रखी बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। अडानी ग्रुप के शेयरों में आ रही गिरावट के बीच वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पहली बार बड़ा बयान दिया है। वित्तमंत्री ने कहा कि देश के बाजार की सही ढंग से देखरेख हुई है। साथ ही उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि गौतम अडानी को लेकर उठा विवाद निवेशकों के भरोसे पर असर नहीं डालेगा। वहीं, वित्तमंत्री ने एसबीआई और एलआईसी को लेकर भी अपनी आश्वस्ति जाहिर की। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में 120 बिलियन डॉलर से ज्यादा की गिरावट आई है। यह गिरावट कंपनी की कुल वैल्यू की करीब आधी है।

कंपनी प्रमुखों पर भरोसा- वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि किसी एक घटना से किसी बात का अंदाजा लगाना गलत होगा। शुक्रवार को न्यूज18 के साथ इंटरव्यू में यह बातें कहीं। इस दौरान वित्तमंत्री ने कहा कि एसबीआई और एलआईसी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि इधर-उधर की बातों के बजाए वह इन कंपनियों के प्रमुखों की बातों पर यकीन करेंगी। एसबीआई और एलआईसी दोनों ने विस्तृत स्टेटमेंट जारी किया है। वित्तमंत्री ने कहा कि दोनों ही फिलहाल फायदे में हैं और जो भी खरीद हुई है तय दायरे के भीतर ही हुई है। निर्मला सीतारमण ने यह भी कहा कि भले ही वैल्यूएशन में गिरावट आ रही है, लेकिन दोनों की कंपनियां फिलहाल फायदे की हालत में हैं।

## केरल आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान के इंजन में लगी आग, अबू धाबी में हुई इमरजेंसी लैंडिंग




नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडिया एक्सप्रेस की अबू धाबी से कालीकट जा रही एक फ्लाइट को वापस अबू धाबी हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। विमान के इंजन में आग लगने के बाद विमान सुरक्षित उतारा गया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं।

184 यात्रियों की बची जान- जानकारी के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस की अबू धाबी से आ रही फ्लाइट ढ्ढ348 में 184 यात्री सवार थे। इंजन में तकनीकी खराबी आने के बाद विमान में आग लगने की बात सामने आई। विमान के पायलट ने जैसे ही आग की लपटों को देखा तो उसने विमान की अबू धाबी में इमरजेंसी लैंडिंग कराई। विमान कंपनी के अनुसार सभी यात्री अब सुरक्षित है और हादसे की वजह की जांच की जा रही है।

कई बार हो चुकी घटनाएं- विमान हादसे की घटनाओं में आजकल तेजी से इजाफा देखने को मिल रहा है। चार दिन पहले भी लखनऊ से कोलकाता जा रहे एयर एशिया के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई थी। विमान से पक्षी के टकराने के चलते 180 लोगों की जान को खतरा हो गया था। ऐसा ही मामला दिल्ली से भुवनेश्वर जा रहे विस्तारा की फ्लाइट में देखने को मिला था।

## सिक्किम राज्य में पैदा होने वाले प्रत्येक बच्चे के लिए लगाए जाएंगे 100 पेड़, सीएम ने की घोषणा



एक बचा पैदा होने पर लगाए जाएंगे 100 पेड़- सीएम तमांग ने कहा, बचे के बढ़ने के साथ-साथ पेड़ों को बढ़ते देखना एक नवजात शिशु का स्वागत करने और इस धरती पर उनके आगमन का जश्न मनाने का एक प्रतीकात्मक तरीका होगा। यह भारत में अपनी तरह की पहली अभिनव हरित पहल है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को कार्यक्रम में कुछ नए अभिभावकों को पौधे भी वितरित किए। वन विभाग के सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि इस पहल से प्रकृति के प्रति लोगों का नजरिया बदलेगा और बचे के जन्म के उपलक्ष्य में लगाए गए पौधे पीढ़ियों के बीच एक सेतु का निर्माण करेंगे।

नई दिल्ली (एजेंसी)। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने एक पहल शुरू की है जिसके तहत हिमालयी राय में पैदा होने वाले प्रत्येक बचे के लिए 100 पेड़ लगाए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि मेरो रुख मेरो संतति (एक पेड़ लगाओ, एक विरासत छोड़ो) नाम की पहल का उद्देश्य बचे के जन्म की याद में पेड़ लगाकर माता-पिता, बचों और प्रकृति के बीच संबंध को मजबूत करना है।

## महंगाई के बीच बड़ी राहत, सरकार ने सस्ते भाव पर आटा बेचना शुरू किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। आम लोगों को गेहूं के आटे की बढ़ती कीमतों से राहत देने के लिए केंद्रीय भंडार ने बृहस्पतिवार से आटा 29.50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचना शुरू कर दिया है, जबकि सहकारी संस्थाएं नेफेड और एनसीसीएफ देशभर में छह फरवरी से समान कीमत पर आटे की बिक्री करेंगी। खाद्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

एक बयान में कहा गया है कि इन संस्थानों ने गेहूं के आटे को भारत आटा या कोई अन्य उपयुक्त नाम के रूप में ब्रांड करने पर सहमति व्यक्त की है, जिसका अधिकतम खुदरा मूल्य 29.50 रुपये प्रति किलोग्राम होगा। घरेलू बाजार में मुक्त बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत बफर स्टॉक से 30 लाख टन गेहूं की बिक्री की प्रगति पर बृहस्पतिवार को खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में यह बात कही गई। मंत्रालय ने कहा, केन्द्रीय भंडार ने आज से ही 29.50 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर आटे की बिक्री शुरू कर दी है।

हालांकि, एनसीसीएफ और नेफेड छह फरवरी से 29.50 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव से आटे की आपूर्ति करेंगे। इन संस्थानों द्वारा बेचे जाने वाले गेहूं के आटे का एमआरपी या अधिकतम खुदरा मूल्य, हालांकि, मौजूदा औसत अखिल भारतीय खुदरा मूल्य 38 रुपये प्रति किलोग्राम से कम है। अनाज को आटे में बदलने और 29.50 रुपये प्रति किलो पर बेचने के लिए ओएमएसएस के तहत ई-नीलामी के बिना इन संस्थानों को लगभग तीन लाख टन गेहूं की पेशकश की जा रही है। जिनमें से एक-एक लाख टन क्रमशः केंद्रीय भंडार और नेफेड को आवंटित किया जा चुका है, जबकि 50,000 टन एनसीसीएफ को आवंटित किया गया है।

## हमने एक्शन लिया तो.... हाईकोर्ट जजों के तबादले में देरी से भड़का सुप्रीम कोर्ट, केंद्र को चेतावनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के तबादलों में देरी पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। कई जजों के तबादलों की सूची केंद्र के पास लंबित है। इस मुद्दे पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी कि तबादलों में देरी से प्रशासनिक कार्रवाई हो सकती है जो संभवत- आपके लिए खुशगवार नहीं होगी। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि तबादला गंभीर मसला है।

पीठ ने कहा, हमें ऐसा कदम उठाने के लिए बाध्य नहीं करें जो बहुत असहज होगा। पीठ उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा सिफारिश किए गए नामों को मंजूरी देने में केंद्र की ओर से कथित देरी से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी। अदालत ने यह भी कहा कि वह इस मामले में किसी थर्ड पार्टी से (जजों के) नाम क्लियर कराने की इजाजत नहीं देगी।

अदालत ने कहा, हमने अटार्नी जनरल से कहा है कि इसमें किसी भी तरह की देरी से प्रशासनिक कार्रवाई हो सकती है, जो संभवत- सुखद नहीं है। कोर्ट की नाराजगी के बीच केंद्र ने शुक्रवार को आश्वासन दिया कि सर्वोच्च अदालत में पांच न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा की गई सिफारिश को जल्दी ही मंजूरी दी जाएगी। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने न्यायमूर्ति एस. के. कौल और न्यायमूर्ति ए. एस. ओका की पीठ से कहा कि इन पांच नामों की नियुक्ति का आदेश (वारंट) जल्दी ही जारी होने की संभावना है।

इसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। अदालत विभिन्न उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित नामों को लंबित रखने के लिए केंद्र के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## पश्चिमी विक्षोभ से फिर बिगड़ सकता है मौसम, हिमाचल में हिमस्खलन; उत्तर भारत में शीतलहर और बारिश



नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है कि पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तर भारत में फिर से मौसम बदल सकता है। ढ्ढरूष्ठ की ताजा बुलेटिन के मुताबिक अफगानिस्तान-पाकिस्तान में इस वक्त पश्चिमी विक्षोभ का एक सिस्टम बना हुआ है, जिसकी वजह से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक इस दौरान 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा बह सकती है। इससे उत्तरी भारत में फिर से शीतलहर चलने की संभावना है। IMD के मुताबिक, पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है। इधर, शुक्रवार की सुबह दिल्ली में मौसम साफ रहा और धूप खिली लेकिन ठिठुरन बनी रही।

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 2 दिनों के दौरान मध्य प्रदेश और ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में शीतलहर की स्थिति बने रहने की संभावना है। इसके अलावाअगले 24 घंटों के दौरान असम, मेघालय और त्रिपुरा के छिटपुट इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

हालांकि, पश्चिमी-उत्तर भारत में दिन के तापमान में धीर-धीरे बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में गुरुवार को मौसम शुष्क रहा। इस दौरान न्यूनतम तापमान चूरू में 3.0 डिग्री तथा चित्तौड़गढ़ में 3.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार की रात न्यूनतम तापमान करौली में 3.5 डिग्री, भीलवाड़ा और अंता में 4.8 डिग्री, संगरिया में 5.4 डिग्री, डबोक में 6.1 डिग्री, सिरोही में 6.3 डिग्री, फलोदी में 6.4 डिग्री, बीकानेर में 6.6 डिग्री, पिलानी में 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

जीवन में सदैव खुशहाली का एक ही मंत्र है सदैव अपने माता-पिता की सेवा करना।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 पोष शुक्ल चतुर्थशी

## संपादकीय

# राष्ट्रपति भवन स्थित मुगल गार्डन का नाम परिवर्तित कर 'अमृत उद्यान' करना ...



राष्ट्रपति भवन स्थित मुगल गार्डन का नाम परिवर्तित कर 'अमृत उद्यान' करना कुछ तबकों को उनकी चिर-परिचित आदत के चलते रास नहीं आ रहा है। महत्वपूर्ण स्थानों के नाम बदलने को लेकर सुविधाजनक रवैया अपनाने वाली कांग्रेस के नेता भी इसकी आलोचना में आगे हैं। वामपंथियों को तो भारतीयता की दिशा में बढ़ाए गए किसी भी कदम पर अपच होने लगता है। मोदी-विरोधियों का एक वर्ग तो है ही, जिसे प्रधानमंत्री के किसी भी फैसले की बस आलोचना ही करनी है।

बहरहाल, नाम परिवर्तन से जुड़ा राष्ट्रपति का फैसला मोदी सरकार के उस एजेंडे के अनुरूप ही है, जिसमें आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान औपनिवेशिक प्रतीकों से मुक्ति पाने का संकल्प लिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अगले 25 वर्षों की अवधि को भी 'अमृत काल' का नाम दिया है, जिसमें देश के पुराने गौरव को प्राप्त कर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ऐसे में मुगल गार्डन का नाम बदलना औपनिवेशिक काल और उन विदेशी आक्रांताओं के अंतिम अवशेषों को मिटाने के व्यापक एजेंडे का ही हिस्सा है, जिन्होंने न केवल भारतीय सभ्यता पर आघात किए, बल्कि भारतीयों को भी उनकी क्षमताओं एवं शक्ति पर संदेह करने के लिए विवश कर दिया।

मोदी जबसे प्रधानमंत्री बने हैं तबसे कांग्रेस बार-बार स्मृतिलोप की शिकार हुई है। वह अपने ही कृत्यों को भूल गई, जब उसने किंग्सवे को राजपथ, क्वींसवे को जनपथ, कर्जन रोड को कस्तूरबा गांधी मार्ग और योर्क रोड को मोतीलाल नेहरू मार्ग जैसे नाम दिए। इसी प्रकार ड्यूक आफ कनाट के नाम पर पड़े कनाट सर्कस को इंदिरा चौक और कनाट प्लेस को राजीव चौक का नाम दिया। कांग्रेस सरकार में ही क्वीन विक्टोरिया रोड को राजेंद्र प्रसाद रोड, किंग एडवर्ड रोड को मौलाना आजाद रोड और विलिंगडन क्रिसेंट को मदर टेरेसा क्रिसेंट का नाम मिला।हालांकि नाम परिवर्तन के मामले में कांग्रेस और भाजपा का रवैया विपरीत है। चूंकि कांग्रेस ने जो अधिकांश नाम बदले, उनका नामकरण अधिकांशतः पार्टी दिग्गजों और विशेषकर एक परिवार के नेताओं के नाम पर किया तो इस मामले में उसकी मंशा उतना भरोसा जगाने वाली नहीं। उसकी मंशा औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति के बजाय अपने प्रतीकों के महिमामंडन पर अधिक केंद्रित रही। यहीं दोनों पार्टियों में अंतर दिखता है। वहीं मौजूदा सरकार द्वारा राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करने और मुगल गार्डन को अमृत उद्यान करने की पहल में उपनिवेशवाद-विरोधी रुख नजर आता है।

नाम परिवर्तन को लेकर जब भारतीयता, महान भारतीय सभ्यता और लोकतंत्र-पंथनिरपेक्षता जैसी संवैधानिक अवधारणाओं की बात आती है तो कांग्रेस बड़ी दुविधा में रही है। यह 2015 में तब भी जाहिर हुआ था जब मोदी सरकार ने राजधानी दिल्ली की औरंगजेब रोड का नाम बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम रोड किया तो कांग्रेस नेताओं ने यह आरोप लगाते हुए इस कदम का विरोध किया कि सरकार ने औरंगजेब को मुस्लिम प्रतीक होने के नाते निशाना बनाया। उन्होंने इसे इतिहास से छेड़खानी का मामला भी बताया।

# विश्व कैंसर दिवस




विश्व कैंसर दिवस प्रत्येक वर्ष 4 फ़रवरी को मनाया जाता है। आधुनिक विश्व में कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिससे सबसे ज़्यादा लोगों की मृत्यु होती है। विश्व में इस बीमारी की चपेट में सबसे अधिक मरीज़ हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद कैंसर के मरीजों की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही है। इसी कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हर साल 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस की तरह मनाने का निर्णय लिया ताकि लोगों को इस भयानक बीमारी कैंसर से होने वाले नुकसान के बारे में बताया जा सकें और लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जा सकें। ऐसा माना जा रहा है 2030 तक कैंसर के मरीजों की संख्या 1 करोड़ से भी अधिक हो सकती हैं। एक अनुमान के मुताबिक़ 2005 में 7.6 लाख लोग कैंसर से मौत के आगोश में समा गए थे। इतनी बड़ी संख्या में लोगों के मरने से और विश्व स्तर पर इस बीमारी के फैलने से सब चिंतित हैं।

### शुरुआत

विश्व कैंसर दिवस के इतिहास के बारे में बात करें तो इसकी सही शुरुआत वर्ष 2005 से हुई थी। और तब से यह दिन विश्व में कैंसर के प्रति निरंतर जागरुकता फैला रहा है। भारत में भी इस दिन सभी स्वास्थ्य संगठनों ने जागरुकता फैलाने का निश्चय लिया है। भारत उन देशों में काफ़ी आगे है जहां तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की वजह से कैंसर के मरीजों की संख्या बहुत ज़्यादा है। कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका इलाज तो अभी तक मुमकिन नहीं हो पाया है पर इसे काबू करना और इससे बचाव संभव है। वैसे कैंसर हो जाने पर इससे छुटकारा पाना मुश्किल होता है पर नामुमकिन नहीं। मरीज़ अगर दृढ़ इच्छाशक्ति से इस बीमारी का सामना करे और सही समय पर इलाज मुहैया हो तो इलाज संभव हो जाता है। साथ ही हमेशा से माना जाता है कि उपचार से बेहतर है बचाव। इसी तरह कैंसर होने के बचे रहने में ज़्यादा समझदारी है।

### सावधानियाँ

कैंसर से बचने के लिए तंबाकू उत्पादों का सेवन बिलकुल न करें, कैंसर का ख़तरा बढ़ाने वाले संक्रमणों से बचकर रहें, चोट आदि होने पर उसका सही उपचार करें और अपनी दिनचर्या को स्वस्थ बनाए। कैंसर के ज़्यादातर मामलों में फेफड़े और गालों के कैंसर देखने में आते हैं, जो तंबाकू उत्पादों का अधिक सेवन करने का नतीजा होता है। ऐसे मामलों में उपचार बेहद जटिल हो जाता है और मरीज़ के बचने के चांस भी कम हो जाते हैं। इसके साथ ही आजकल महिलाओं में स्तन कैंसर काफ़ी ज़्यादा देखने में आ रहा है जो बेहद खतरनाक होने के साथ काफ़ी पीड़ादायक होता है। यदि सही समय पर अगर इसके लक्षणों को पहचान कर उपचार किया जाए तो इसका इलाज बेहद सरल बन जाता है। कैंसर से सबसे ज़्यादा ख़तरा होता है युवाओं को जो आजकल की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में खुद को तनाव मुक्त रखने के लिए धूम्रपान का सहारा लेते हैं। विश्व को कैंसर मुक्त करने के लिए आप भी कदम बढ़ाएं और खुद तथा अपने सगे सबंधियों को तंबाकू, सिगरेट, शराब आदि से दूर रहने की सलाह दीजिए।

### कैंसर

कैंसर क्या है, कैंसर क्यों होता है, इसका इलाज क्या इत्यादि बातों को जानना ज़रूरी है। आइए जानें विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर के बारे में कुछ और बातें।

### कैंसर क्या होता है

शरीर में कोशिकाओं के समूह की अनियंत्रित वृद्धि कैंसर है। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाता है। कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है। लेकिन यदि कैंसर का सही समय पर पता ना लगाया गया और उसका उपचार ना ह तो इससे मौत का जोखिम बढ़ सकता है। कैंसर के कई प्रकार हैं या यूं कहें कि कैंसर के सौ से भी अधिक रूप है। जैसे- स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेन कैंसर, बोन कैंसर, ब्लैडर कैंसर, पेंक्रियाटिक कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, गर्भाशय कैंसर, किडनी कैंसर, लंग कैंसर, त्वचा कैंसर, स्टमक कैंसर, थायरॉड कैंसर, मुंह का कैंसर, गले का कैंसर इत्यादि।

### कैंसर के कारण

कैंसर कई तरह का होता है और हर कैंसर के होने के अलग-अलग कारण हैं। लेकिन कुछ मुख्य कारक ऐसे भी हैं जिनसे कैंसर होने का ख़तरा किसी को भी हो सकता है।

### ये कारक हैं-

वजन बढ़ना या मोटापा।

अधिक शारीरिक सक्रियता ना होना।

एल्कोहल और नशीले पदार्थों का अधिक मात्रा में सेवन करना।

कैंसर में पौष्टिक आहार ना लेना।

अपनी दिनचर्या में व्यायाम को शामिल ना करना।

### कैंसर के अन्य कारण

कैंसर आनुवांशिक भी हो सकता है। कई बार कैंसर से पीड़ित माता या पिता के जीन बच्चे में भी आ जाते हैं जिससे बच्चे को भविष्य में कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है।

किसी गंभीर बीमारी के कारण भी आपको कैंसर हो सकता है। यानी यदि आप किसी गंभीर बीमारी के लिए दवाएं ले रहे हैं तो इन दवाओं के साइड इफेक्ट्स के कारण आप कैंसर के शिकार हो सकते हैं।

कई बार उम्र के बढ़ने के साथ भी शरीर में चुस्ती-फुर्ती नहीं रहती और उम्र के पड़ाव पर व्यक्ति बीमार पड़ने लगता है, ऐसे में कई बार कैंसर भी हो जाता है।


### कुछ प्रमुख कैंसर

क्या आप जानते हैं देश में सबसे अधिक होने वाली मौतों में कुछ कैंसर प्रमुख हैं-

महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर, गर्भाश्य कैंसर और सर्वाइकल कैंसर से सबसे अधिक मौते होते हैं।

पुरुषों में सबसे अधिक मौत फुस्फुस, आमाशय, यकृत, कोलेस्ट्रोल और ब्रेन कैंसर से होती है।

कैंसर से मरने वाले लोगों में महिलाओं का प्रतिशत पुरुषों से अधिक है।



# इस कंपनी ने कमाया 252 करोड़ रुपये का मुनाफा, फिर भी शेयर है डाऊन



नई दिल्ली (एजेंसी)। शुरुआत से 4030 फीसद तक बंपर रिटर्न देने वाले दीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन डीएफपीसीएल का नेट प्रॉफिट दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के दौरान 39.67 फीसद बढ़कर 252.26 करोड़ रुपये हो गया। इसके बावजूद यह स्टॉक आज दबाव में है। शुरुआती कारोबार में दीपक फर्टिलाइजर्स 3.14 फीसद की कमजोरी के साथ 633.05 रुपये पर कारोबार कर रहा था। बता दें एक जनवरी 1999 को इस शेयर का भाव 15.37 रुपये था।

डीएफपीसीएल ने एक नियामकीय सूचना में यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 180.61 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी की परिचालन आय वित्त वर्ष 2021-22 की समान अवधि के 1,955.70 करोड़ रुपये की तुलना में समीक्षाधीन तिमाही के दौरान 40.85 फीसद की वृद्धि के साथ 2,754.76 करोड़ रुपये हो गई। डीएफपीसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शैलेश सी मेहता ने कहा, कचे माल की प्रतिकूल कीमतों और कठिन वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद यह तीसरी तिमाही में हमारा अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### डीएफपीसीएल शेयर प्राइस हिस्ट्री

पिछले 5 दिन में यह स्टॉक करीब 0.75 फीसद गिरा है। जबकि, एक महीने में इसने 8.63 फीसद का निगेटिव रिटर्न दिया है। इस साल अब तक 10 फीसद से अधिक टूट चुका है। पिछले छह महीने में 20 फीसद से अधिक का नुकसान करा चुका है।

### क्या करती है कंपनी

दीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड एक होल्डिंग कंपनी है। कंपनी फर्टिलाइजर्स, एग्री सर्विसेज, बल्क केमिकल्स, माइनिंग केमिकल्स और वैल्यू एडेड रियल एस्टेट के कारोबार में लगी हुई है। कंपनी के सेगमेंट में केमिकल्स, बल्क फर्टिलाइजर्स, रियल्टी और विंडमिल शामिल हैं। यह अपने महाधन ब्रांड के तहत भारतीय किसानों को एनपी, नाइट्रोजन फॉस्फोरस पोटेशियम वेरिएंट, पानी में घुलनशील उर्वरक और बेंटोनाइट सल्फर की एक श्रृंखला प्रदान करता है। इसके रियल्टी सेगमेंट में रियल एस्टेट कारोबार शामिल है।

## 3200 रुपये के पार पहुंच सकते हैं टाइटन के शेयर, 951 करोड़ के मुनाफे के बाद शेयरों में 5% की तेजी



नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी टाइटन के शेयरों में जबरदस्त तेजी आ सकती है। टाइटन कंपनी के शेयर 3200 रुपये के पार पहुंच सकते हैं। टाइटन को अक्टूबर-दिसंबर 2022 तिमाही में 951 करोड़ रुपये का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट हुआ है, इसके बाद कंपनी के शेयर शुक्रवार को 5 पर्सेंट से यादा की तेजी के साथ 2424.50 रुपये के स्तर पर पहुंच गए हैं। टाइटन के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 2790 रुपये है।

बाय रेटिंग के साथ 3290 रुपये का टारगेट प्राइस- ब्रोकरेज हाउस एडलवाइज ने टाइटन के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस ने टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन के शेयरों को 3,290 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। एडलवाइज ने कहा है, हमारा मानना है कि कंयूमर स्पेस में टाइटन हाइस्ट ग्रोथ हासिल करेगी। कंपनी का शेयर हमारा टॉप पिक है। वहीं, ब्रोकरेज हाउस Emkay ने भी टाइटन के शेयरों का बाय रेटिंग दी है। Emkay ने टाइटन के शेयरों के लिए 2,940 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है।

टाइटन को दिसंबर तिमाही में 951 करोड़ रुपये का मुनाफा- टाइटन कंपनी की रेवेन्यू ग्रोथ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर 2022 तिमाही में डबल डिजिट में रही है।

# अडानी पर बिगड़ा मूडीज का मूड! गिरते शेयर को लेकर रेटिंग एजेंसी ने दी चेतावनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद गौतम अडानी की मुसीबतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ग्रुप के शेयर भरभराकर गिर रहे हैं। अब ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज भी अडानी ग्रुप के शेयरों का आकलन करेगी। मूडीज ने यह चेतावनी भी दी है कि समूह के साथ चल रहे विवादों के चलते ग्रुप की कैपिटल गेन करने में कैपासिटी घटेगी।


### क्या कहा रेटिंग एजेंसी ने

मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट जारी होने के बाद अडानी समूह की कंपनियों के शेयर प्राइस में आई बड़ी गिरावट के मद्देनजर इन कंपनियों के पास नकदी की स्थिति समेत उनकी वित्तीय मजबूती या जुझारू क्षमता का आकलन कर रही है। मूडीज ने कहा, इन प्रतिकूल घटनाक्रमों की वजह से समूह की निवेश या अगले एक-दो साल में परिपक्व हो रहे ऋण के पुनर्वित्त के लिए पूंजी जुटाने की क्षमता घटेगी।

### अडानी ग्रुप पर क्या है आरोप

अमेरिकी फाइनेंस रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग ने उद्योगपति गौतम अडानी की अगुवाई वाले समूह पर खुले तौर पर शेयरों में गड़बड़ी और लेखा धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। कंपनी के इस आरोप के बाद समूह की कंपनियों के शेयरों में लगातार गिरावट आ रही है। अडानी समूह ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए आरोपों को खारिज किया है।

## 600% का मुनाफा बांटेगी यह कंपनी, रिकॉर्ड डेट का ऐलान, 8 से बढ़कर 872 पर आया शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड के बोर्ड मेंबर ने दिसंबर 2022 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए अपनी कमाई की घोषणा करते हुए डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी ने 6 प्रति शेयर (600% डिविडेंड) के अंतरिम लाभांश की मंजूरी दे दी। शुक्रवार के सौदों में बीएसई पर यह शेयर 873.80 रुपये पर बंद हुए।


### कंपनी ने क्या कहा

कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा, बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 6 रुपये (केवल छह रुपये) प्रति इक्विटी शेयर यानी 600% अंतरिम लाभांश का भुगतान करने का ऐलान किया। अंतरिम लाभांश का भुगतान 27 फरवरी, 2023 को या उसके बाद किया जाएगा। बोर्ड ने इसके लिए रिकॉर्ड तिथि 17 फरवरी, 2023 है।

### कंपनी के तिमाही नतीजें

समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ एक साल पहले की तुलना में 38% बढ़कर 527 करोड़ हो गया। जबकि परिचालन से इसका राजस्व लगभग 64% बढ़कर 8,310 करोड़ हो गया। बता दें कि कंपनी के शेयरों का मैक्सिमम रिटर्न 9,718.90% का है। 11 साल में यह शेयर 8 रुपये से बढ़कर 872.90 रुपये पर पहुंच गया है।

# मुकेश अंबानी की डील के बाद रॉकेट बन गया यह स्टॉक, महीनेभर में 312% चढ़ गया भाव, निवेशक गदगद



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में जहां एक तरफ अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट है। वहीं, एक ऐसा शेयर भी है जिसकी कीमत मुकेश अंबानी से डील के बाद लगातार बढ़ रही है। पिछले एक महीने से यह शेयर लगातार अपर सर्किट को हिट कर रहा है। यह लोटस चॉकलेट कंपनी लिमिटेड का शेयर है। लोटस चॉकलेट कंपनी लिमिटेड के शेयर आज शुक्रवार को 5% के अपर सर्किट के साथ ही 395.35 रुपये के लाइफ टाइम हाई पर पहुंच गए।

### 96 से बढ़कर 395.35 पर पहुंचा भाव

कंपनी के शेयर महीनेभर में ही 96 के स्तर से बढ़कर वर्तमान में बीएसई पर 395.35 प्रति शेयर के नए रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया है। लोटस चॉकलेट के शेयरों ने सिर्फ एक महीने में लगभग 312% का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। इस हिसाब से अगर किसी निवेशक ने महीनेभर पहले इस शेयर में एक लाख रुपये लगाए होते तो उन्हें अब तक 4.11 लाख रुपये का फायदा हो जाता।

लोटस चॉकलेट कंपनी लिमिटेड के शेयरों में तेजी की वजह- कंपनी के शेयरों में तेजी के पीछे मुकेश अंबानी के साथ एक डील है। दरअसल, अंबानी ने लोटस चॉकलेट कंपनी को खरीद लिया है। हाल ही में इसकी घोषणा की गई थी। बता दें कि रिलायंस ग्रुप की कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और रिलायंस रिटेल लिमिटेड ने लोटस चॉकलेट में 26 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदने के लिए ओपन ऑफर का ऐलान किया है। यह ओपन ऑफर 21 फरवरी 2023 को ओपन होगा और 6 मार्च 2023 को क्लोज होगा। कंपनी की तरफ से ओपन ऑफर का फिक्सड प्राइस 115.50 रुपये तय किया गया था।

## बाजार में बिखराव से बेअसर Tata का ये स्टॉक, हर दिन बढ़ रहा भाव, खरीदने की होड़




नई दिल्ली (एजेंसी)। हिंडनबर्ग रिसर्च और अडानी ग्रुप के विवाद की वजह से बीते कुछ दिनों में शेयर बाजार बुरी तरह धराशायी हो गया है। शेयर बाजार के लार्ज मार्केट कैपिटल की अधिकतर कंपनियां रेंगती हुई नजर आ रही हैं। हालांकि, इस माहौल में भी टाटा ग्रुप की लीडिंग कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर का परफॉर्मेंस चौंका रहा है।

क्या है भाव- TCS के शेयर शुक्रवार के इंट्रा-डे ट्रेड में बीएसई पर सात महीने के उच्च स्तर 3,498 रुपये पर पहुंच गए। कारोबार के दौरान 1 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। यह लगातार तीसरा दिन है जब ञ्जष्टस् के शेयर खरीदने की होड़ मची हुई है। सिर्फ तीन कारोबारी दिन में TCS के शेयर 4 प्रतिशत चढ़ चुके हैं। 18 मई, 2022 के बाद TCS के शेयर इस स्तर पर पहुंचे हैं।

पिछले एक महीने में एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स में 1.8 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में टीसीएस में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# इस बार के बजट में मध्य प्रदेश को बड़ी सौगात मिली है




भोपाल । इस बार के बजट में मध्य प्रदेश को बड़ी सौगात मिली है। मध्यप्रदेश की रेल संरचना के विकास के लिए आवंटित करीब 13607 करोड़ रुपये की राशि में करीब 80 स्टेशनों का नवीनीकरण किया जाएगा। भोपाल रेल मंडल के 15 स्टेशनों के विकास के लिए भी इस बार केंद्र से बड़ा बजट मिलने की उम्मीद है। पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में भोपाल रेल मंडल को 585 करोड़ रुपये का बजट आवंटित हुआ था। मध्य प्रदेश को मिले बजट के आधार पर माना जा रहा है कि भोपाल रेल मंडल को पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत तक अधिक राशि स्टेशनों और रेल लाइनों सहित अन्य विकास कार्यों के लिए मिल सकती है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पूरे देश में 1000 स्टेशनों का विकास किए जाने की योजना है। इन सभी स्टेशनों का विकास ओडिशा के खुर्दा जंक्शन की तर्ज पर किया जाएगा।

### इन स्टेशनों का होगा विकास

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भोपाल मंडल के हरदा, खिरकिया, बानापुरा, इटारसी जंक्शन, नर्मदापुरम, संत हिरदाराम नगर, सांची, विदिशा, गंजबासोदा, अशोकनगर, गुना, शिवपुरी, रूठियाई, ब्यावरा-राजगढ एवं शाजापुर के विकास के लिए बजट आवंटित किया गया है।

होंगे ये विकास कार्य

1. उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म
2. बेहतर तरीके से निर्मित साईनेज
3. स्टेशन पहुंच मार्ग
4. सुनियोजित पार्किंग
5. बेहतर प्रकाश व्यवस्था
6. दिव्यांगजनों के अनुकूल स्टेशन

### ये काम भी होंगे

योजना के तहत विभिन्न ग्रेड के प्रतीक्षालय को एक साथ करने का प्रयास किया जा रहा है। स्टेशन पर यात्रियों के लिए अच्छा कैफेटेरिया और खरीदारी के लिए विभिन्न सामग्रियों की फुटकर सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। सभी स्टेशनों पर उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराए जाएंगे।

# 2023 के लिए भाजपा ने दो सौ दिन में दो सौ सीट जीतने का लक्ष्य बनाया



भोपाल । भाजपा ने अपने मिशन 2023 के लिए दो सौ दिन में दो सौ सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। पार्टी पिछले विधानसभा चुनाव में 109 सीट ही जीत पाई थी और सत्ता से बाहर हो गई थी। इसकी वजह अनुसूचित जाति और जनजाति की सीटों पर भाजपा को मिली पराजय थी।

अब पार्टी चाह रही है कि मार्च से सितंबर तक कार्यकर्ताओं में जान फूंकने के लिए सभी बड़े नेताओं के दौरे कराए जाएं। कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें की जाएं, उनकी समस्या सुनी जाए ताकि वे पार्टी के लक्ष्य को पाने में मदद करें। भाजपा का दावा, विधानसभा चुनाव में दो सौ से ज्यादा सीटें जीतेंगे

वैसे वर्ष 2018 में भाजपा ने नारा दिया था, अब की बार दो सौ पार, इस बार फिर भाजपा का दावा है कि वह दो सौ से ज्यादा सीटों पर विजय प्राप्त करेगी। मध्य प्रदेश विधानसभा में 230 सीटें हैं। पिछले चुनाव में पार्टी 109 सीट तक ही पहुंच पाई थी। इधर भाजपा ने दावा किया कि मध्यप्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में गुजरात जैसी आंधी चलेगी। 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में जीत का इतिहास बनेगा और हम 200 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेंगे।पार्टी ने कहा कि हमारा नेतृत्व, हमारी केंद्र और राज्य सरकारों की गरीब कल्याण की योजनाएं और हमारा संगठन तंत्र हमारी ताकत है। इन्हीं के बल पर मप्र में फिर सरकार बनाएंगे। पार्टी मध्य प्रदेश के बूथों के डिजिटाइजेशन के अभियान में देश में शीर्ष पर रहा है, अब बूथों को और भी अधिक सशक्त बनाने के लिए बूथ विस्तारक योजना-दो लागू की जा रही है। इसके तहत पन्ना कमेटी का डिजिटाइजेशन किया जाना है। 51 प्रतिशत वोट हासिल करने के लक्ष्य के साथ प्रत्येक बूथ, बूथ समिति, पन्ना प्रमुख और पन्ना समिति को और सुदृढ़ बनाया जाएगा।इनका कहना है

भाजपा सरकार ने जो काम किया है, उनके आधार पर ही पार्टी जनता के बीच जाएगी। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने आम आदमी के जीवन में जो बदलाव लाए हैं, वह काम कांग्रेस 70 साल में नहीं कर पाई। यही वजह है कि मध्य प्रदेश में भी भाजपा को इस बार अभूतपूर्व विजय मिलेगी। हम दो सौ से ज्यादा सीटें जीतेंगे और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

...रजनीश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री भाजपा

## राज्य में हो रही चिकित्सा विशेषज्ञों की भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत नियुक्ति पत्र जारी करने पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी

जबलपुर। हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश के जरिये राज्य में हो रही चिकित्सा विशेषज्ञों की भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत नियुक्ति पत्र जारी करने पर रोक लगा दी। हालांकि नियुक्ति पत्र जारी न करने की शर्त का पालन करते हुए चयन प्रक्रिया संचालन की व्यवस्था दे दी है।

न्यायमूर्ति आनंद पाठक की एकलपीठ ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि यदि अगली सुनवाई तक सरकार जवाब पेश नहीं करती तो अंतरिम राहत के मुद्दे पर सुनवाई होगी। यह मामला नौ फरवरी को फिर से सुना जायेगा।

# क्राइम ब्रांच ने एक छात्र की शिकायत पर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की

भोपाल। क्राइम ब्रांच ने एक छात्र की शिकायत पर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपित ने नर्सिंग कोर्स में प्रवेश कराने के बाद उसके प्रवेश शुल्क के करीब सवा लाख रूपये हड़प लिए। जब इसका पता पीड़ित को चला तो उसने क्राइम ब्रांच में पूरे मामले की शिकायत की। पुलिस आरोपित की मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसकी तलाश में नर्मदापुरम पहुंची है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

क्राइम ब्रांच के एसआइ शिवराज सिंह के मुताबिक हरवंश कालोनी नर्मदापुरम रोड के रहने वाले 28 साल के आफताब खान ने शिकायत दर्ज कराई है। उसमें बताया कि 2020 में वह अपने भाई जीशन पठान का आरकेडीएफ कालेज में प्रवेश नर्सिंग कोर्स में कराने के लिए प्रयासरत थे। उस समय उनको एक व्यक्ति से उनका परिचय हुआ था। उसने अपना नाम मुकेश कुमार बताया था। वह अपने आप को आरकेडीएफ कालेज का कर्मचारी बता रहा था। उसने उनको भरोसा दिलाया कि वह उसके भाई जीशन का प्रवेश आरकेडीएफ में करा देगा। कुछ दिन बाद उनके भाई का प्रवेश नर्सिंग कार्स में हो गया। उसके बाद उसने जीशन से कोर्स का शुल्क मांगा तो उन्होंने आनलाइन पांच बार में एक लाख बीस हजार दे दिए। कुछ दिन बाद पता चला कि उसने कालेज में प्रवेश शुल्क जमा नहीं किया है। इस पर आफताब ने उससे रुपये वापस मांगे तो उसने देने से मना कर दिया। इस पर उसने क्राइम ब्रांच में जाकर उसकी शिकायत की। इस पर पुलिस ने जांच के बाद आरोपित पर प्राथमिकी कर ली। पुलिस उसकी तलाश में लगी है। आरोपित की लोकेशन नर्मदापुरम में मिल रही है।

# अब कॉलेजों के छात्र अभी कॉलेज में ही परिचय दे सकेंगे

ग्वालियर । जीवाजी विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त 4 बीएड कॉलेजों के मामले में उच्च शिक्षा विभाग से मार्गदर्शन आ चुका है। परिणाम स्वरूप अब इन कॉलेजों के छात्र अभी कॉलेज में ही परिचय दे सकेंगे। वही सत्र 2023-24 के लिए संबद्धता जारी रखनी है अथवा निरस्त करनी है इस पर अभी विचार चल रहा है। बीएड की परीक्षाएं फरवरी माह में होना है लेकिन इस विवाद के चलते परीक्षा फॉर्म की तिथि निकल चुकी है। इस मामले पर जीवाजी विश्वविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि परीक्षा फॉर्म की तिथि को बढ़ाकर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी छात्र समय से फॉर्म भर परीक्षा में सम्मिलित हो सके।

बता दें कि मानकों पर खरे न उतरने के कारण से करहाल एज्यूकेशन कालेज बरौआ, आइडियल कालेज जरपुरा , मंहगांव, श्रीराम राजा शिक्षा महाविद्यालय दतिया और राधाकृष्ण कालेज चितुआ, दतिया इन कालेजों की मान्यता निरस्त करने के आदेश उच्च शिक्षा विभाग से आए थे। जिस पर लंबा विचार विमर्श चलने के बाद कुछ दिन पहले मान्यता को अगले सत्र से निरस्त करने पर सहमति बनी थी। लेकिन कार्यपरिषद के चार सदस्यों ने इस पर आपत्ति लगा कर इसी सत्र से मान्यता खत्म करने की बात कही।

# बैठक में पदाधिकारियों की मौजूदगी में जिले के प्रभारी ने नाराजगी जताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष को नई कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए।

ग्वालियर । जिला कांग्रेस की साधरण सभा की बैठक गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय में जिले के प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान व शहर जिला कांग्रेस डा् देवेंद्र शर्मा की मौजूद में हुई। बैठक पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के नगर आगमन व संत रविदास जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर रखी गई। इसमें ब्लाक अध्यक्ष राजेश बाबू के शहर कांग्रेस अध्यक्ष की कार्यशैली पर सवाल उठाने पर हंगामे के स्थिति निर्मित होगी। बैठक में पदाधिकारियों की मौजूदगी में जिले के प्रभारी ने नाराजगी जताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष को नई कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी में वरिष्ठ व सक्रिय कार्यकर्ताओं को स्थान दिया जाए। पद लेकर बैठने वालों को कार्यकारिणी से बाहर किया जाए। बैठक का संचालन कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल एवं आभार व्यक्त संजय सिंह राठौर ने किया। ब्लाक अध्यक्ष से जो विमानतल पर मिलते हैं, वही मंच पर होते हैं- दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक अध्यक्ष राजेश बाबू ने बैठक के मुद्दे से भटकते हुए कहा कि जो लोग विमानतल पर वरिष्ठ नेताओं को लेने जाते हैं, वो ही मंच पर स्थान पाते हैं। हम लोगों को ले जाया ही नहीं जाता है। वहीं ब्लाक अध्यक्ष ने इस बात पर आपत्ति दर्ज की, कि जिला सचिव कमल माहौर के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भी नहीं गए और न ही प्रदेश अध्यक्ष को उनके निवास पर ले जाया गया। ऐसे कैसे कांग्रेस मजबूत होगी। कैसे भाजपा का मुकाबला हो पाएगा। ब्लाक अध्यक्ष के इन सवालों से बैठक में हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ग्वालियर प्रभारी महेंद्र सिंह चैहान, विधायक डा. सतीश सिकरवार, प्रदेश उपाध्यक्ष रामसेवक सिंह बाबूजी, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष प्रभुदयाल जौहरे, प्रदेश महामंत्री दशरथ सिंह गुर्जर, सह प्रभारी सौरभ सोलंकी, आशीष मित्तल, प्रदेश प्रवक्ता अनुराधा सिंह एड, राम पांडे, यूवा कांग्रेस सचिव हेवरन सिंह कंसाना, संभागीय प्रवक्ता धर्मेंद्रशर्मा, सुरेंद्र यादव, जयराज चैहान ने कहा कि पांच फरवरी का दिन नगर के लिए ऐतिहासिक है। यहां से संत रविदास का जन्मोत्सव का संदेश पूरे प्रदेश में जाएगा। अंचल से ही विधानसभा चुनाव की जीत का शंखनाद होना है। बैठक में अमर सिंह माहौर, इब्राहिम पठान, ग्वालियर के सह प्रभारी आशीष मित्तल, प्रदेश प्रवक्ता राम पांडे, अनुराधा सिंह एड्, जयराज सिंह चौहान आदि मौजूद थे।ऐसे नहीं चलेगा, कार्यकारिणी बदलिए साधारण सभा की बैठक में जिले के पदाधिकारियों के गायब होने पर जिले के प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान ने नाराजगी जताई।



# पिंग-पांग बाल से प्रेरणा लेते हैं सौम्यदीप सरकार

## युवा टेबल टेनिस चैम्पियन सौम्यदीप सरकार, खेलों इंडिया के माध्यम से बनाना चाहते हैं बड़ा मुकाम




इंदौर। एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता, राष्ट्रीय चैंपियन और कई सम्मान के विजेता, सौम्यदीप सरकार, 18 बरस के हैं। वे पश्चिम बंगाल से हैं। खेलों इंडिया गेम्स में भाग लेने के लिये वे इंदौर आये हैं। उन्होंने 80वें राष्ट्रीय सब जूनियर टेबल टेनिस टूमामेंट में रजत पदक जीता। चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कांस्य पदक, सिलीगुड़ी 2016, विजयवाड़ा 2017 में आयोजित 63वीं राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप में कांस्य पदक। सौम्यदीप सरकार को उनके माता-पिता ने 6 साल की उम्र में टेबल टेनिस से परिचित कराया था। उनके दादाजी एक अच्छे बैडमिंटन खिलाड़ी थे, और उनके (सौम्यदीप) माता-पिता, विशेष रूप से पिता, अपने बच्चे के लिए उसे टेबल टेनिस में अच्छा प्रदर्शन करते देखने का सपना देखते थे। सौम्यदीप अपने पिता की बहुत प्रशंसा करते हैं, जिन्होंने सिखाया है कि सच्ची खेल भावना क्या है, और एक व्यक्ति को महान ऊंचाइयों तक क्यों पहुंचना चाहिए। यह खेल कौशल कुछ ऐसा है जिसने वास्तव में उसे प्रेरित किया है और उसे अपने जीवन में करियर के रूप में टेबल टेनिस को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। उनका मानना था कि - टेबल टेनिस के लिए प्यार देखने के बजाय खेलते हुए ही आता है।

यह उनका चौथा खेलो इंडिया होगा। खेलों इंडिया यूथ गेम्स के पिछले संस्करण में, उन्होंने दोनों में रजत पदक जीते हैं। सौम्यदीप खेलो इंडिया के अपने अनुभव को साझा करते हुए वह पूरी तरह से उत्साहित हैं। क्योंकि वह लगातार चौथी बार भाग ले रहे हैं।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स मप्र 2022 राउंडअप

इंदौर। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के चौथे प्रतिस्पर्धी दिन गुरुवार को महाराष्ट्र ने पांच स्वर्ण पदकों के साथ बाजी मारी। महाराष्ट्र को महाकाल की नगरी उज्जैन में जारी योगासन में चार स्वर्ण मिले। इंदौर में खेले गए बास्केटबाल ग्रुप मुकाबले में मप्र की महिला टीम ने केरल को 87-68 से हरायाजबकि पुरुष टीम ने भी जीत हासिल की। पुरुषों ने कर्नाटक को 68-61 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महिला टीम भी सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

उज्जैन के माधव सेना न्याय परिसर में योगासन के रिदमिक पेयर इवेंट में तृप्ती डोंगरे और देवांशी वकाले (महाराष्ट्र) ने स्वर्ण जीता जबकि उनके ही राज्य की स्वरा गुजर और प्रांजल वहाना रजत हासिल किया। धनश्री और ओवेइया (तमिलनाडु) को कांस्य मिला। लड़कों में राजदीप दलाल और राजेश्वर दलाल (बंगाल) ने स्वर्ण पाया जबकि अंश और नानक नारायण (महाराष्ट्र) को रजत मिला। रुपेश सांगले और सुमित बंडाले (महाराष्ट्र) को मिला।

रिदमिक पेयर में तृप्ती डोंगरे और देवांशी वकाले (महाराष्ट्र) ने के लिए योगासन में चौथा स्वर्ण जीता। जबकि उनके ही राज्य की स्वरा गुजर और प्रांजल वहाना रजत हासिल किया। लड़कों में अंश और नानक नारायण (महाराष्ट्र) को रजत मिला जबकि रुपेश सांगले और सुमित बंडाले (महाराष्ट्र) को कांस्य मिला।

इंदौर के अभय प्रशाल में जारी टेबल टेनिस इवेंट में पश्चिम बंगाल के अंकुर भट्टाचार्जी कल लड़कों के फाइनल में उत्तर प्रदेश के दिव्यांश श्रीवास्तव से भिड़ेंगे।

सेमीफाइनल में, नंबर-2 वरीयता प्राप्त अंकुर और शीर्ष वरीयता प्राप्त दिव्यांश ने अपने प्रतिद्वंद्वियों-दिल्ली के आदर्श ओम छेत्री और महाराष्ट्र के जश मोदी पर समान रूप से 4-0 से जीत दर्ज की।

महाराष्ट्र की तनीशा कोटेचा, पृथोकी चक्रवर्ती पर 4-3 की जीत के बाद लड़कियों के फाइनल में दिल्ली की लक्षिता नारंग से भिड़ेंगी, जिन्होंने युवा लड़कियों के सेमीफाइनल में यशस्विनी घोरपड़े को 4-0 से हराया था।

मध्य प्रदेश की गटका टीम ने लड़कियों के फारी सोट्टी टीम इवेंट के दूसरे राउंड में हरियाणा को 135-47 से हराया। मप्र की टीम ने 135 अंक हासिल किए जबकि हरियाणा की टीम 47 अंक ही ले सकी।

इंदौर के बास्केटबाल काम्पलेक्स में हुए मैच में मप्र के लिए खुशी पाल सिंह ने 26 अंक जुटाए जबकि अनन्या महेश्वरी ने 23 अंक बनाए। मोना गोस्वामी ने 14 ओर कप्तान ओसिन सिंह ने 13 अंक का योगदान दिया। सेमीफाइनल में मप्र की महिलाओं का सामना छत्तीसगढ़ से होगा।

# नशा-मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता के कार्यक्रम जारी

इंदौर। नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत मद्य निषेध संकल्प दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, इंदौर द्वारा कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसके अंतर्गत विभागीय प्रशिक्षक श्री रजत नागदा द्वारा मानसिक चिकित्सालय बाणगंगा में उपस्थित नर्सिंग के छात्र-छात्राओ को नशा-मुक्ति प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें वालंटियर के रूप में पंजीकृत किया गया।

# ताजे सीप और बटन मशरूम का प्रसंस्करण कर रहे हैं कार्तिकेय

इंदौर। श्री कार्तिकेय मंडलोई सभी किस्मों के सूखे और ताजे सीप और बटन मशरूम की पैकेजिंग और प्रसंस्करण पर काम कर रहे हैं और जल्द ही अपनी इकाई में खेती शुरू करने के लिए विभिन्न प्रमाणित प्रशिक्षण और क्षेत्र में डिप्लोमा प्राप्त कर रहे हैं। कार्तिकेय मंडलोई बताते हैं कि हमारी फर्म पिछले 02 वर्षों से भारतीय बाजार में कारोबार कर रही है और हाल ही में संयंत्र और कर्मचारियों के विस्तार का कार्य चल रहा है। 10 स्थानीय दिहाड़ी मजदूरों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है।

मशरूम प्रोटीन और कई विटामिन का बहुत अच्छा स्रोत है। यह स्वास्थ्य के बहुत सारे लाभों के साथ एक पूर्ण स्वस्थ भोजन पैकेज हैं। उक्त इकाई की स्थापना 2022 के प्रारम्भ में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत 18 लाख रूपये की लागत से की गई थी। यूनिट के मालिक श्री कार्तिकेय ने इंदौर में श्री अरबिंदो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से सिविल इंजीनियरिंग में अपनी बी.टेक की डिग्री पूरी की है और उसी क्षेत्र में विभिन्न सर्टिफिकेट कोर्स पूरे किए हैं और आईसीएआर से प्रमाणित मशरूम वैज्ञानिक हैं।

# गेहूं खरीदी के लिए 6 फरवरी से प्रारंभ होंगे पंजीयन

इंदौर। इंदौर जिले में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में गेहूं उपार्जन के लिए 61 गेहूं पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। पंजीयन केन्द्रों के प्रबंधक, ऑपरेटर एवं विभागीय अधिकारियों को किसान पंजीयन से लेकर भुगतान की प्रक्रिया में शासन द्वारा किए गए बदलाव इत्यादि का विस्तृत प्रशिक्षण आई.पी.सी बैंक में दिया गया। गेहूं पंजीयन 6 फरवरी 2023 से 28 फरवरी तक किए जाएगे। पंजीयन निर्धारित 61 पंजीयन केन्द्रों पर, ग्राम पंचायत / तहसील / जनपद में स्थापित सुविधा केन्द्र एवं एमपी किसान एप्प पर निःशुल्क किए जायेंगे। किसान स्वयं के मोबाईल से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे इसके लिए www.mpeuparjan.nic.in पर पंजीयन कर सकते है।

किसानों को लाईन लगाकर पंजीयन की समस्या न हो इसके लिए अधिकृत एवं अनुमति प्राप्त एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क लोक सेवा केन्द्र एवं सायबर केफे पर भी किसान निर्धारित शुल्क दे कर पंजीयन करा सकेगे। विगत वर्ष के पंजीकृत किसानों एवं इच्छुक सभी किसानों को अपनी उपज विक्रय करने के लिए अपना पंजीयन कराना आवश्यक है। कलेक्टर द्वारा पंजीयन की एवं आगामी उपार्जन की तैयारी के लिए जिला स्तर उपार्जन समिति का गठन किया गया है।

# वकील नूरजहां का छह दिन बाद भी पता नहीं चल पाया





इंदौर। इंदौर जिला कोर्ट की वकील नूरजहां का छह दिन बाद भी पता नहीं चल पाया। पुलिस अनूप नगर, रानीपुरा, दौलतगंज सहित संभावित ठिकानों पर तलाश रही है। गुरुवार को नूरजहां के ससुर यूसुफ और बेटे अरहम से पूछताछ की। पीलिया होने के कारण अरहम निजी अस्पताल में भर्ती है।


एमजी रोड थाना पुलिस के मुताबिक, कोर्ट रूम का वीडियो बनाने वाली सोनू मंसूरी शनिवार तक रिमांड पर है। वह ज्यादातर सवालों को नूरजहां का बोलकर टाल देती है। नूरजहां जिला कोर्ट की वकील है और 28 जनवरी से फरार है। गुरुवार को खबर मिली कि नूरजहां का बेटा अरहम एलआइजी चौराहा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस पहुंची तो अरहम के पास नूरजहां का ससुर मोहम्मद यूसुफ मिला। पूछताछ में बताया कि नूरजहां से 28 जनवरी को आखिरी बार बात हुई थी। उसने कहा था कि जरूरी काम आने से वह बाहर जा रही है। इसके बाद पति असद के साथ फरार हो गई।

फ्लैट पर चिपकाया नोटिस- पुलिस नूरजहां के फ्लैट पर पहले ही नोटिस चिपका चुकी है। पुलिस को जानकारी मिली कि सोनू को रुपये देने वाला रानीपुरा का शाकिर था।

किसी केस का प्रतिवाद तैयार करने के एवज में शाकिर नूरजहां को रुपये देने आया था। अस्पताल में होने के कारण उसने सोनू को काल कर कहा कि उसकी टेबल (बैठक) पर पहुंचे और शाकिर से रुपये ले ले। पुलिस ने गुरुवार को शाकिर को भी तलाशा, लेकिन ठोस जानकारी नहीं मिली।

बैंक खातों और इंटरनेट अकाउंट्स की जांच- सोनू मंसूरी से पुलिस के साथ इंटेलिजेंस, एटीएस भी पूछताछ में जुटी है। पुलिस ने सोनू के मोबाइल की काल डिटेल, बैंक खातों के साथ साथ इंटरनेट अकाउंट्स भी जांच में शामिल किए हैं। नूरजहां के मोबाइल की भी काल डिटेल निकाली जा रही है।

# पुलिस ने डीजे वाले पर लगाया जुर्माना







इंदौर। इंदौर में बरातियों को बीच सड़क पर नाच-गाना करना भारी पड़ गया। पुलिस अफसर की गाड़ी जाम में फंस गई और डीजे वाले की शामत आ गई। सूबेदार डीजे वाली गाड़ी पकड़कर ले गया और जुर्माना भी ठोंका। घंटेभर शांति रही और बरातियों ने खुद यातायात संभाला।

मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है। बुधवार को रेलवे क्रासिंग रोड पर बराती नाच रहे थे। डीजे वाली गाड़ी तो बीच रोड पर खड़ी हुई थी। दूर तक शोर सुनाई दे रहा था। नाच-गाने के कारण सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की कतार भी लग चुकी थी। तभी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) महेशचंद्र जैन का वहां से गुजरना हुआ और वे खुद जाम में अटक गए।

बरातियों को लगाई फटकार- एडिशनल सीपी ने वायरलेस सेट पर ही उन पुलिसकर्मियों की खैर ली जो आसपास ड्यूटी पर थे। लवकुश चौराहे पर खड़े सूबेदार बृजराज अजनार को तो मौके पर ही बुला लिया। एडिशनल सीपी ने न सिर्फ बरातियों को फटकारा बल्कि डीजे वाली गाड़ी साइड में खड़ी करवा दी। गाना बजाना बंद करवाया और कतार में लगे वाहनों के लिए रास्ता खुलवाया। सूबेदार ने डीजे वाली गाड़ी (एमपी 09जीए 7760) के चालाक अंकित जायसवाल पर चार हजार रुपये जुर्माना भी लगाया।


hindkush.in
24x7 News portal

दैनिक हिन्दकुश

jagrayam.com
online news magazine

सर्वे भवन्तु सुखिनः

भोपाल, इंदौर, उजैन, से प्रकाशित

संपादक मंडल

श्री संजय ज्ञानी
संपादकीय सलाहकार

श्री संजय व्यास
संपादकीय सलाहकार डिजिटल

सुश्री परम चैतन्य
कार्यकारी संपादक

डॉ. चमन सिंह राजौरा
उप संपादक

श्री आशीष उपाध्याय
विशेष संवाददाता व विधि सलाहकार

श्री भुवनेश भार्गव
विशेष संवाददाता

श्री शिरीष राव मोरे
ब्यूरो प्रमुख

श्री नरेन्द्र राठौर
संवाददाता

श्री धर्मेंद्र राठौर
संवाददाता

श्री कौशल कांतिदास वैरागी
विशेष प्रतिनिधि




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# टाटा कंपनी के ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा पीएचई नहीं भुगतेगी, संबंधित के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने के दिए निर्देश

उज्जैन। टाटा कंपनी एवं वाप्कोस के लोगों की जिम्मेदारी है कि जहां पर भी सीवरेज लाइन के पाइप डाले जा रहे हैं वहां पर पीएचई की पाइप लाइन में किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ ना हो टाटा कंपनी के ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा पीएचई नही भुगतेगी, तोड़फोड अगर हुई है तो आपसी समन्वय के साथ उसकी मरम्मत की जाए।

यह निर्देश नगर निगम जलकार्य एवं सीवरेज विभाग के प्रभारी श्री शिवेंद्र तिवारी ने चवनेश्वर महादेव मंदिर के समीप पुरूषोत्तम सागर के पास टाटा कंपनी द्वारा पीएचई की पाइप लाइन फोड़े जाने के बाद लापरवाहीपूर्वक किए गए मरम्मत कार्य की शिकायत मिलने पर अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण करने के दौरान दिए। टाटा कंपनी द्वारा नियुक्त किए गए पेटी कांट्रेक्टर द्वारा शहर में टाटा की डाली जा रही सीवरेज लाइन के कार्य में लापरवाहीपूर्वक कार्य किया जा रहा है। पुरुषोत्तम सागर के निकट सीवरेज लाइन डाले जाने के दौरान पीएचई की सप्लाई लाइन को ठेकेदार द्वारा फोड़ दिया गया था और उसकी मनमर्जी पूर्वक रिपेयरिंग की गई थी रिपेयरिंग के उपरांत जब ठेकेदार द्वारा सडक का रेस्टोरेशन कार्य किया जा रहा था उस दौरान पाइपलाइन एक बार फिर लीकेज हो गई और पानी बहने लगा जिसकी शिकायत स्थानीय रहवासियों द्वारा किए जाने के बाद श्री तिवारी ने शुक्रवार की सुबह नगर निगम, पीएचई, टाटा एवं वाप्कोस के अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया। यहां अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के क्रम में यह पता चला कि ठेकेदार द्वारा मनमानी पूर्वक कार्य किया जा रहा है और उसकी मनमानी के कारण पीएचई के लोगों को समस्या आ रही है, श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियम विरुद्ध कार्य करने वाले ठेकेदार के खिलाफ कर्यवाही करने के साथ ही टाटा पर भी जुर्माने की कार्रवाई की जाए तथा पीएचई के पाइप लाइन के मरम्मत के कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए तत्पश्चात ही सड़क का निर्माण किया जाए। निरीक्षण के दौरान श्री तिवारी के साथ पीएचई के सहायक यंत्री श्री एस.के. लाड, उपयंत्री आर. पी. गौड़ ,उपयंत्री मोहित मिश्रा सहित टाटा एवं वाप्कोस के अधिकारी उपस्थित थे।



# इंडिया नेपाल ज्योतिष वेद विज्ञान शोध संगोष्ठी में सम्मानित हुई ज्योतिषाचार्य अर्चना सरमंडल



उज्जैन। ज्योतिषाचार्य बगलामुखी साधक अर्चना सरमंडल को भारतीय सनातन वैदिक संस्कृति ज्योतिष विज्ञान प्रचार प्रसार संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए जयपुर की संस्था श्री वेदामृतम् संस्थानम् जयपुर फाउंडेशन द्वारा इंडिया नेपाल विद्वान सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

जयपुर में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय इंडिया नेपाल ज्योतिष वेद विज्ञान शोध संगोष्ठी विद्वान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विशेष अतिथि के रुप में ज्योतिषाचार्य बगलामुखी साधक अर्चना सरमंडल को आमंत्रित किया गया था। इंडिया नेपाल सम्मेलन के मुख्य आयोजक पंडित दिलीप के अवस्थी ने रहे। इस आयोजन में देश विदेश से भारतीय सनातन वैदिक संस्कृति एवं वेद, ज्योतिष, विज्ञान, वास्तु शास्त्र, हस्तरेखा, टैरो कार्ड, न्यूरोलॉजिस्ट, तंत्र आचार्य आदि अनेक विद्याओं के प्रचार प्रसारक उपस्थित थे। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य धर्म संस्कृति ज्योतिष वेद को पूरे देश विदेश में शंखनाद के साथ प्रचार करना था।

# गायत्री दीप यज्ञ के साथ हुआ हल्दी कुमकुम

## नारी जागरण एवं आओ गड़े संस्कारवान पीढ़ी अभियान के बारे में दी जानकारी



उज्जैन। निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र देसाई नगर में संचालिका कांता विश्वकर्मा द्वारा अखिल विश्व गायत्री परिवार की बहनों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया।

दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गायत्री परिवार की वरिष्ठ बहन उर्मिला तोमर द्वारा नारी जागरण एवं आओ गड़े संस्कारवान पीढ़ी अभियान के बारे में जानकारी देते हुए मातृशक्ति को संस्कार एवं संस्कृति की पुनर्स्थापना में अहम भूमिका निभाने का आव्हान करते हुए महिला मंडल का गठन कांता विश्वकर्मा दीदी के संयोजन में किया। गायत्री दीप यज्ञ के साथ ही हल्दी कुमकुम का भी आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में उपस्थित बीजेपी महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रमिला यादव एवं नगर महामंत्री प्रियंका सेंगर ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। साथ ही गायत्री परिवार से आगे भी सहयोग की अपेक्षा की। लगभग 150 नारीशक्ति की उपस्थिति के साथ ही गायत्री परिवार की बहन उर्मिला जोशी, ममता निगम भी उपस्थित रही। ये जानकारी देवेंद्र श्रीवास्तव द्वारा दी गई।

# हजारों के साक्षी में हुआ आचार्य पद अर्पण, 45 शिखर युक्त जिनालय में आज प्रतिष्ठित होंगे श्री अभ्युदय पार्श्वनाथ





उज्जैन। श्री अभ्युदयपुरम गुरुकुल में चल रहे अंजनशलाका प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अंतर्गत शुक्रवार सुबह 10 बजे तीर्थ परिसर से प्रभु की रथ यात्रा निकली। जिसमें चांदी का रथ, बैंड बाजे हाथी, बग्गी सहित गुरु भगवंत एवं समाजजन शामिल हुए। इसके बाद राजदरबार पंडाल में चार आचार्यों कि निश्रा में उपाध्याय श्री अचल मुक्ति सागर जी मसा का आचार्य पद अर्पण विधान हुआ। हजारों लोगों की साक्षी में जब उन्हें यह पद प्रदान किया गया तो पंडाल जयकारों से गूंज उठा और उपस्थित साधु साधुओं ने उन्हें वास्तक्षेप किया तो लोगो ने अक्षत से वदाया। वर्षो से लोगों का जिस पल का इंतजार था शनिवार को वह घड़ी आएगी और दूधिया संगमरमर से निर्मित 45 शिखर युक्त जिनालय में प्रभु श्री अभ्युदय पारसनाथ विधि विधान से प्रतिष्ठित होंगे।

श्री अभ्युदयपुरम जैन गुरुकुल उज्जैन के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति संयोजक मफतलाल संघवी एवं मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल कटारिया के अनुसार प्रतिष्ठाचार्य श्री नरदेव सागर सूरी जी महाराज, आचार्य श्री चंद्ररत्न सागर जी मसा, तीर्थ प्रेरक संस्कार यज्ञ प्रणेता डॉ. आचार्य श्री मुक्ति सागर सुरीश्वर जी मसा, आचार्य श्री मतिचंद्र सागर जी कि निश्रा में उपाध्याय श्री अचल मुक्ति सागर जी मसा को आचार्य पद अर्पण किया गया। इस अवसर पर उपाध्याय श्री चंद्रयश विजय जी एवं गणिवर्य श्री आदर्श रत्न सागर जी मसा, साध्वी शीलरेखा श्रीजी, साध्वी चारुदर्शा श्रीजी, साध्वी मुक्ति रेखा श्रीजी आदि ठाणा उपस्थित रहे। नवकार महामंत्र के तृतीय आचार्य पद प्रदान करने के अवसर को देखने विभिन्न प्रदेशों से समाज जन गुरुकुल पहुंचे। शनिवार सुबह 8-30 बजे से प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य विधान होगा एवं नूतन मंदिर में ध्वजा अर्पित की जाएगी। इस दौरान समिति के गौतमचंद धींग, राजेंद्र मूणत,

विजय सुराणा, सुभाष दुग्गड, संजय जैन खलीवाला, संजय संघवी, प्रियेश जैन, एडवोकेट चिराग बांठिया, बृजेश श्री श्रीमाल, संतोष मेहता, पारसमल भंडारी, कुशलराज गुलेछा, अनिल शेखावत, पारस जैन, हस्तीमल संघवी, राकेश नाहटा, सुरेश चौरडीया, जितेंद्र कटारिया सहित हजारों समाजजन मौजूद रहे।

# सेवाधाम आश्रम में ओजस्वी के 11वें जन्मदिवस पर हुई अनूठी विशाल बच्चा पार्टी




उज्जैन। 'अंकित ग्राम', सेवाधाम आश्रम उज्जैन के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी एवं इन्दौर के उद्योगपति राधेश्याम शर्मा ''गुरूजी'' एवं माधुरी शर्मा की पौत्री तुषार और संगोरिका शर्मा की पुत्री ओजस्वी के 11वें जन्मदिवस पर अनूठी विशाल बच्चा पार्टी का आयोजन किया गया।

इवेंट डायरेक्टर गोरी दीदी के साथ कांता भाभी और मोनिका दीदी ने आयोजन को विशेष बनाने हेतु विद्युत साज-सज्जा, बलून डेकोरेशन, ज्ञानवर्धक-खेलकूद एवं रोचक आउट डोर एवं इण्डोर गेम्स, मिकी माउस के साथ डिजे एवं बच्चों हेतु विशेष स्वादिष्ट विविध व्यंजनों की व्यवस्था की। ओजस्वी और परिवारजनो ने आश्रम के विशेष बच्चों के साथ खूब मौज-मस्ती की, ओजस्वी ने परिवारजनों के साथ बुजूर्गों को विशेष भोजन परोसकर उनके आशीर्वाद लिया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com